an>

Title: Need to change the name of Daltonganj railway station in Jharkhand as Medininagar railway station and upgrade it as a model railway station.

श्री विष्णु दयाल राम **(पलामू) :** झारखण्ड राज्य के पलामू जिला के डाल्टेनगंज रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन घोषित किया गया है परंतु स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का नितान्त अभाव है। उदाहरण के तौर पर यात्रियों को बैठने के लिए न कोई बैंच है और न ही कुर्सियां हैं। पंखे खराब पड़े हुए हैं। वरिष्ठ नागरिकों के टिकट कटाने के लिए कोई अलग खिड़की (काउंटर) नहीं है। इसी प्रकार शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए न रैम्प बना हुआ है न ही उनको टिकट कटाने के लिए कोई अलग सुविधा प्रदान की गयी है।

इतना ही नहीं झारखण्ड सरकार ने पलामू जिला मुख्यालय का नाम डाल्टेनगंज से बदल कर मेदिनी नगर कर दिया है परंतु रेलवे स्टेशन का नाम डाल्टेनगंज बना हुआ है।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि डाल्टेनगंज रेलवे स्टेशन का भी नाम बदलकर मेदिनी नगर कर दिया जाए तथा इसे "मॉडल स्टेशन" बना दिया जाए।